**भारत सरकार**
**संचार मंत्रालय**
**दूरसंचार विभाग**

**राज्य सभा**
**अतारांकित प्रश्न सं. 499**
**उत्तर देने की तारीख 23 जुलाई, 2026**

**ग्रामीण क्षेत्रों में दूरसंचार सेवाएं**

**499 श्री रविचंद्र वद्दीराजू:**

क्या **संचार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:
(क) देशभर में ऐसे गांवो की राज्य-वार संख्या कितनी है जहां अभी भी 4जी या 5जी मोबाइल कनेक्टिविटी उपलब्ध नहीं है;
(ख) सभी ग्राम पंचायतों तक उच्च-गति ब्रॉडबैंड सुविधा पहुंचाना सुनिश्चित करने के लिए सरकार द्वारा भारतनेट परियोजना के तहत तय की गई समय-सीमा क्या है; और
(ग) चालू वित्त वर्ष के दौरान इस प्रयोजन हेतु कितनी धनराशि आवंटित और प्रयुक्त की गई है?

**उत्तर**
**संचार एवं ग्रामीण विकास राज्य मंत्री**
**(डॉ. पेम्मासानी चंद्र शेखर)**

(क) देश के 6,44,131 गांवों (भारत के महापंजीयक के आंकड़ों के अनुसार) में से, 6,32,875 गांवों में 4जी कनेक्टिविटी है और 3,96,012 गांवों में 5जी कनेक्टिविटी है। 4जी और 5जी कनेक्टिविटी के साथ कवर किए गए गांवों का राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार ब्योरा अनुबंध-I में संलग्न है।

(ख) और (ग) संशोधित भारतनेट कार्यक्रम (एबीपी) के तहत, निर्माण चरण, संबंधित परियोजना कार्यान्वयन एजेंसी (पीआईए) के साथ करार पर हस्ताक्षर किए जाने की तिथि से तीन वर्ष है।

चालू वित्त वर्ष 2026-27 के दौरान, भारतनेट परियोजना के लिए 20,000 करोड़ रुपए के बजट का आबंटन किया गया है। इस आबंटन में से, दिनांक 30.06.2026 तक 750 करोड़ रुपये संवितरित कर दिए गए हैं।

**अनुबंध-I**

**"ग्रामीण क्षेत्रों में दूरसंचार सेवाएं" के संबंध में माननीय संसद सदस्य द्वारा 23 जुलाई, 2026 को पूछे जाने वाले राज्य सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 499 के भाग (क) के उत्तर में संदर्भित अनुबंध-I**

देश में 4जी और 5जी कनेक्टिविटी के साथ कवर किए गए गांवों का राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार ब्योरा

| क्र.सं. | राज्य/ संघ राज्य क्षेत्र | गांवों की कुल संख्या (आरजीआई आंकड़ों के अनुसार) | 4जी कनेक्टिविटी वाले गांवों की संख्या | 5जी कनेक्टिविटी वाले गांवों की संख्या |
|---|---|---|---|---|
| 1 | अंडमान और निकोबार द्वीप समूह | 559 | 342 | 35 |
| 2 | आंध्र प्रदेश | 17,328 | 16,744 | 8,530 |
| 3 | अरुणाचल प्रदेश | 5,993 | 4,426 | 600 |
| 4 | असम | 26,429 | 26,133 | 3,736 |
| 5 | बिहार | 44,888 | 44,826 | 43,457 |
| 6 | चंडीगढ़ | 0 | लागू नहीं | लागू नहीं |
| 7 | छत्तीसगढ़ | 20,072 | 19,170 | 9,136 |
| 8 | दादरा और नगर हवेली और दमन और दीव | 95 | 95 | 95 |
| 9 | गोवा | 392 | 346 | 309 |
| 10 | गुजरात | 18,425 | 18,212 | 15,748 |
| 11 | हरियाणा | 6,640 | 6,638 | 6,426 |
| 12 | हिमाचल प्रदेश | 20,852 | 20,159 | 11,398 |
| 13 | जम्मू और कश्मीर | 6,474 | 6,210 | 4,994 |
| 14 | झारखंड | 32,370 | 32,171 | 19,241 |
| 15 | कर्नाटक | 29,818 | 29,281 | 19,760 |
| 16 | केरल | 1,438 | 1,438 | 1,358 |
| 17 | लद्दाख | 243 | 229 | 83 |
| 18 | लक्षद्वीप | 27 | 25 | 5 |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 19 | मध्य प्रदेश | 55,058 | 54,072 | 28,084 |
| 20 | महाराष्ट्र | 43,931 | 42,800 | 30,680 |
| 21 | मणिपुर | 2,612 | 2,471 | 718 |
| 22 | मेघालय | 7,100 | 6,982 | 341 |
| 23 | मिजोरम | 867 | 816 | 83 |
| 24 | नागालैंड | 1,535 | 1,426 | 280 |
| 25 | राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली | 55 | 55 | 55 |
| 26 | ओडिशा | 51,176 | 49,546 | 29,010 |
| 27 | पुदुचेरी | 96 | 96 | 96 |
| 28 | पंजाब | 12,534 | 12,485 | 11,657 |
| 29 | राजस्थान | 46,077 | 45,373 | 23,277 |
| 30 | सिक्किम | 461 | 443 | 349 |
| 31 | तमिलनाडु | 16,488 | 16,450 | 9,394 |
| 32 | तेलंगाना | 10,203 | 9,885 | 1,945 |
| 33 | त्रिपुरा | 937 | 929 | 353 |
| 34 | उत्तर प्रदेश | 1,05,531 | 1,05,328 | 78,530 |
| 35 | उत्तराखंड | 16,456 | 16,314 | 4,729 |
| 36 | पश्चिम बंगाल | 40,971 | 40,959 | 31,520 |
| कुल | | **6,44,131** | **6,32,875** | **3,96,012** |

****